| | | |
|---|---|---|
| **11** | SET **A** | Subject Code **E-20472-BY-MYN-ELE-0HD1** |

**Question Booklet No.**

| परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर<br>Seal of Superintendent of Examination Centre | परीक्षार्थी द्वारा बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरा जाए<br>**To Be filled in by Candidate by Ball-Point pen only**<br>**घोषणा : मैंने नीचे दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए है। Declaration : I have read and understood the instructions given below.** | Paste barcode sticker containing question booklet no here<br>यहां प्रश्न पुस्तिका क्रमांक वाला बारकोड स्टीकर चिपकाएं |
|---|---|---|

अनुक्रमांक / Roll No.

वीक्षक के हस्ताक्षर
(Signature of Invigilator) ------------------------------

वीक्षक के नाम
(Name of Invigilator) ----------------------------------

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(Signature of Candidate) ------------------

उत्तर शीट का क्रमांक
Sl. No.of Answer-Sheet

अभ्यर्थी का नाम
(Name of Candidate) -----------------------------

# प्रश्न पत्र : II विषय : हिन्दी
# Paper : II Subject : HINDI

प्रश्न पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Pages in this Question Booklet : **16**

पूर्णांक - 200
समय - 2 घंटे

प्रश्न पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या
Number of Questions in this Question Booklet : **100**

### अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका मिलते ही मुख पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ लें। प्रश्न पुस्तिका में लगी सील को वीक्षक के कहने से पूर्व न खोलें।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, उत्तर-पुस्तिका का क्रमांक लिखें तथा अपने हस्ताक्षर करें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में समस्त प्रविष्टियां दिये गये निर्देशानुसार करें अन्यथा उत्तर-शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
4. इस प्रश्न पुस्तिका के साथ तीन बारकोड स्टीकर दिये जा रहे हैं। इन बारकोडों को प्रश्न पुस्तिका, ओ.एम.आर. शीट एवं उपस्थिति पत्रक में दिये गये निर्धारित बॉक्स के अंदर सावधानीपूर्वक चिपकायें।
5. सील खोलने के बाद सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पुस्तिका में कुल पृष्ठ ऊपर लिखे अनुसार दिए हुए हैं तथा उसमें सभी 100 प्रश्नों का मुद्रण सही है। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर 15 मिनट के अंदर वीक्षक को सूचित कर सही प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त करें। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न हेतु प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्न के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त केवल एक ही विकल्प का चयन कर उत्तर शीट में सही विकल्प वाले गोले को जो उस प्रश्न के सरल क्रमांक से सम्बंधित हो काले या नीले बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरें।
7. सही उत्तर वाले गोले को अच्छी तरह से भरें, अन्यथा उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
8. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
9. प्रश्न-पुस्तिका तथा उत्तर-शीट में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अतिरिक्त कहीं भी कुछ न लिखें। अन्यथा OMR शीट का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
10. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त केवल ओ.एम.आर. उत्तर-शीट एवं प्रश्न पुस्तिका की कव्हर पेज वीक्षक को सौंपनी है। उत्तर-शीट की कार्बन कॉपी तथा प्रश्न-पुस्तिका परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।
11. किसी भी तरह के कैलकुलेटर/लॉग टेबल/मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।
12. जिन प्रश्नों के लिए अथवा भाग दिया है, यह "अथवा" केवल दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए है। गैर दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के द्वारा इन प्रश्नों को हल करने की स्थिति में इनका मूल्यांकन नहीं होगा।

### INSTRUCTION TO CANDIDATES

1. **Immediately after getting the booklet read instructions carefully, mentioned on the front and back page of the question booklet and do not open the seal given on the question booklet, unless asked by the invigilator.**
2. **Write your Roll No., Answer Sheet No., in the specified places given above and put your signature.**
3. **Make all entries in the OMR Answer Sheet as per the given instructions otherwise Answer-Sheet will not be evaluated.**
4. **Along with this question booklet three barcode stickers are provided. Paste them carefully at the space provided at this question booklet, OMR sheet and attendance sheet.**
5. **After Opening the seal, ensure that the Question booklet contains total no. of pages as mentioned above and printing of all the 100 questions is proper. If any discrepancy is found, inform the invigilator within 15 minutes and get the correct booklet.**
   **All questions are compulsory and carry two marks each.**
6. **While answering the question from the question Booklet, for each question choose the correct/most appropriate option out of four options given, as answer and darken the circle provided against that option in the OMR Answer sheet, bearing the same serial number of the question. Darken the circle only with Black or Blue ball point pen.**
7. **Darken the circle of correct answer properly otherwise answers will not be evaluated. The candidate will be fully responsible for it.**
8. **There is no negative marks for incorrect answers.**
9. **Do not write anything anywhere in the Question booklet and the Answer-Sheet except making entries in the specified places otherwise OMR sheet will not be evaluated.**
10. **After completion of the examination, only OMR Answer Sheet and cover page of question booklet is to be handed over to the invigilator. Carbon copy of the Answer-Sheet and Question Booklet may be taken away by the examinee.**
11. **Use of any calculator/log table/mobile phone is prohibited.**
12. **The questions for which OR part in given, this "OR" part in only for visible impaired candidates. If OR part in done by visible impaired it will not be evaluated.**

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

1. संविधान के निम्नांकित अनुच्छेदों में राजभाषा हिंदी का प्रावधान किया गया है -

A. 343-351 B. 245-251

C. 151-152 D. 352-363

2. सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनिए -

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (a) दाल-भात | (I) तत्पुरूष |
| (b) चरण-कमल | (II) द्विगु |
| (c) जनक-सुता | (III) कर्मधारय |
| (d) पंचनद | (IV) द्वंद्व |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-IV, b-III, c-I, d-II

B. a-III, b-I, c-II, d-IV

C. a-I, b-II, c-III, d-IV

D. a-II, b-III, c-IV, d-I

3. निम्नांकित स्वरों को उनकी विशेषताओं से जोड़िए और सही विकल्प चुनिए –

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (a) ऊ | (I) विवृत |
| (b) आ | (II) अर्धविवृत |
| (c) ऐ | (III) अर्धसंवृत |
| (d) इ | (IV) संवृत |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-I, b-II, c-III, d-IV

B. a-IV, b-I, c-II, d-III

C. a-III, b-II, c-I, d-IV

D. a-II, b-III, c-I, d-IV

4. "गीता अच्छा गाती है।" वाक्य में 'अच्छा' किस कोटि का प्रकार्य निभा रहा है?

A. विशेषण B. क्रियाविशेषण

C. संज्ञा D. निपात

5. पूर्वी हिंदी की बोलियों का विकास जिससे हुआ, वह है -

A. मागधी B. शौरसेनी

C. ब्राचड़ D. अर्धमागधी

6. बैंकों में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में काम-काज को आसान बनाने के लिए तैयार किया गया सॉफ़्टवेयर है -

A. बैंकसाथी B. बैंकभाषा

C. बैंकसखा D. बैंकमित्र

7. स्वरित में सुर की स्थिति होती है -

A. ऊपर B. नीचे

C. न नीचे, न ऊपर D. ऊपर एवं नीचे

8. मानक भाषा से तात्पर्य है -

A. वर्ग-विशेष की भाषा

B. परिनिष्ठित भाषा

C. लोकभाषा

D. साहित्यिक भाषा

9. निम्नलिखित में से कौन-सी लिपि हिंदी का सॉफ़्टवेयर नहीं है?

A. श्रीलिपि B. सुलिपि

C. आकृति D. श्रुतलिपि

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**10.** 'प्रथम प्राकृत' के नाम से जानी जानेवाली भाषा है -

A. संस्कृत B. प्राकृत

C. पालि D. अवहट्ट

**11.** रहीम ने 'नायिका भेद' की रचना किस ग्रंथ के आधार पर की है?

A. प्राकृतपैंगलम् B. वृत्तरत्नाकर

C. रसमंजरी D. रसिकप्रिया

**12.** 'मिश्रबंधुविनोद' के लेखकों में जिनका नाम नहीं है, वे हैं -

A. श्याम बिहारी मिश्र

B. गणेश बिहारी मिश्र

C. शुकदेव बिहारी मिश्र

D. कृष्ण बिहारी मिश्र

**13.** "लोग हैं लागि कबित्त बनावत मोहि तो मेरे कबित्त बनावत" किसकी उक्ति है?

A. ठाकुर B. बोधा

C. आलम D. घनानंद

**14.** 'आवारा मसीहा' किसकी जीवनी है?

A. शरत् चंद्र चट्टोपाध्याय

B. बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

C. ताराकांत बंद्योपाध्याय

D. महात्मा गांधी

**15.** 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन नहीं थे?

A. श्यामसुंदर दास

B. महावीर प्रसाद द्विवेदी

C. गणेश शंकर विद्यार्थी

D. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

**16.** सुमेलित कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए –

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (a) चारण काल | (I) राहुल सांकृत्यायन |
| (b) बीजवपन काल | (II) जॉर्ज ग्रियर्सन |
| (c) आदिकाल | (III) महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| (d) सिध्द सामंत काल | (IV) हजारी प्रसाद द्विवेदी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-II, b-III, c-IV, d-I

B. a-I, b-II, c-III, d-IV

C. a-IV, b-III, c-II, d-I

D. a-II, b-I, c-III, d-IV

**17.** निम्नांकित कवियों में से कौन पुष्टिमार्गी नहीं है?

A. सूरदास B. चतुर्भुजदास

C. गोविंदस्वामी D. हितहरिवंश

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**18.** सुमेलित कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए –

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (a) चंदायन | (I) गणपति |
| (b) हंसावली | (II) कुतुबन |
| (c) मृगावती | (III) असाइत |
| (d) माधवानल कामकंदला | (IV) मुल्ला दाउद |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-I, b-II, c-III, d-IV

B. a-IV, b-III, c-II, d-I

C. a-III, b-II, c-I, d-IV

D. a-II, b-III, c-IV, d-I

**19.** 'रीतिकाल' को 'श्रृंगारकाल' किसने कहा है?

A. आ. रामचंद्र शुक्ल

B. डॉ. नगेंद्र

C. डॉ. भगीरथ मिश्र

D. आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

**20.** समांतर कहानी के प्रवर्तक किन्हें माना जाता है?

A. अज्ञेय B. कमलेश्वर

C. जगदीश गुप्त D. अमृत राय

**21.** सुमेलित कीजिए-

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (a) अनुमितिवाद | (I) अभिनवगुप्त |
| (b) भक्तिवाद | (II) भट्ट लोलट |
| (c) उत्पत्तिवाद | (III) श्री शंकुक |
| (d) अभिव्यक्तिवाद | (IV) भट्ट नायक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-III, b-IV, c-IV, d-I

B. a-I, b-III, c-IV, d-II

C. a-II, b-III, c-I, d-IV

D. a-IV, b-III, c-I, d-II

**22.** ''को घटि ए वृषभानुजा वे हलधर के वीर'' पद में कौनसी वक्रता है?

A. पद परार्ध B. पद पूर्वार्ध

C. वर्ण विन्यास D. वाक्य वक्रता

**23.** 'प्रतीयमान' शब्द का संबंध किस सिध्दांत से है?

A. ध्वनि सिध्दांत B. रस सिध्दांत

C. अलंकार सिध्दांत D. रीति सिध्दांत

**24.** 'चित्र तुरंग न्याय' की बात रस निष्पत्ति के संदर्भ में किसने कही है?

A. भट्ट लोलट B. भट्ट नायक

C. श्री शंकुक D. अभिनवगुप्त

**25.** 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' किसका कथन है?

A. दण्डी B. भामह

C. विश्वनाथ D. कुन्तक

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**26.** ध्वनि सिध्दांत का खण्डन निम्नांकित में से किस आचार्य ने किया?

A. आनन्दवर्धन B. अभिनवगुप्त

C. आचार्य मम्मट D. आचार्य महिम भट्ट

**27.** 'काव्य-प्रकाश' किसकी रचना है?

A. दण्डी B. वामन

C. रूद्रट D. मम्मट

**28.** "जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है'' कथन किसका है?

A. डॉ. नगेन्द्र

B. आचार्य रामचंद्र शुक्ल

C. आचार्य रामदहिन मिश्र

D. आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

**29.** सुमेलित कीजिए-

| | स्तंभ-I | | स्तंभ-II |
|---|---|---|---|
| (a) | काव्यालंकार | (I) | आनंदवर्धन |
| (b) | साहित्य दर्पण | (II) | भामह |
| (c) | काव्यानुशासन | (III) | हेमचंद्र |
| (d) | ध्वन्यालोक | (IV) | विश्वनाथ |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-I, b-IV, c-III, d-II

B. a-IV, b-III, c-II, d-I

C. a-II, b-III, c-IV, d-I

D. a-II, b-IV, c-III, d-I

**30.** सुमेलित कीजिए-

| | स्तंभ-I | | स्तंभ-II |
|---|---|---|---|
| (a) | आनंदवर्धन | (I) | वक्रोक्ति |
| (b) | वामन | (II) | रीति |
| (c) | मम्मट | (III) | औचित्य |
| (d) | क्षेमेन्द्र | (IV) | ध्वनि सिध्दांत |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-IV, b-II, c-I, d-III

B. a-II, b-IV, c-I, d-III

C. a-III, b-II, c-I, d-IV

D. a-IV, b-III, c-II, d-I

**31.** किस दर्शन में यथार्थ, समग्रता और क्रमबध्दता को नकारा गया है?

A. आधुनिकतावाद

B. उत्तर आधुनिकतावाद

C. अस्तित्ववाद

D. मार्क्सवाद

**32.** 'रामायण मेला' के आयोजन की परिकल्पना किस विचारक की है?

A. जयप्रकाश नारायण

B. महात्मा गांधी

C. दीनदयाल उपाध्याय

D. राममनोहर लोहिया

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**33.** सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए-

| स्तंभ-I | | स्तंभ-II |
|---|---|---|
| (a) ब्रह्म समाज | (I) | ज्योतिबा फुले |
| (b) आर्य समाज | (II) | महादेव गोविंद रानडे |
| (c) सत्यशोधक समाज | (III) | राजा राममोहन राय |
| (d) प्रार्थना समाज | (IV) | दयानंद सरस्वती |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-I, b-II, c-III, d-IV

B. a-IV, b-III, c-II, d-I

C. a-III, b-IV, c-I, d-II

D. a-II, b-III, c-IV, d-I

**34.** सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए-

| स्तंभ-I | | स्तंभ-II |
|---|---|---|
| (a) अपने-अपने पिंजरे | (I) | सुशीला टाकभौरे |
| (b) जूठन | (II) | मोहनदास नैमिषराय |
| (c) सिकंजे का दर्द | (III) | तुलसीराम |
| (d) मुर्दहिया | (IV) | ओमप्रकाश वाल्मीकि |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-IV, b-III, c-II, d-I

B. a-I, b-II, c-III, d-IV

C. a-III, b-II, c-I, d-IV

D. a-II, b-IV, c-I, d-III

**35.** "यदि समाजवाद को दो शब्दों में परिभाषित किया जाना है, तो वे हैं - समानता और समृध्दि।"
यह कथन किसका है?

A. महात्मा गांधी B. कार्ल मार्क्स

C. डॉ. अंबेडकर D. राममनोहर लोहिया

**36.** डॉ. रामविलास शर्मा ने हिंदी नवजागरण के कितने चरण माने हैं?

A. दो B. छह

C. तीन D. चार

**37.** मनोविश्लेषणवाद से प्रभावित कौन-सी कृति नहीं है?

A. शेखर : एक जीवनी B. सुनीता

C. जहाज का पंछी D. महाभोज

**38.** "भारतेंदु हिंदी की जातीय परंपरा के संस्थापक हैं।" कथन किसका है?

A. जगदीश गुप्त B. रामस्वरूप चतुर्वेदी

C. रामविलास शर्मा D. बालकृष्ण भट्ट

**39.** निम्नांकित में से कौन द्विवेदी युग के रचनाकार नहीं हैं?

A. मैथिलीशरण गुप्त

B. गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

C. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

D. माखनलाल चतुर्वेदी

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**40.** समता, स्वतंत्रता और बंधुता का संबंध किस दर्शन के आधारबिंदु से है?

A. गांधी-दर्शन B. लोहिया-दर्शन

C. अंबेडकर-दर्शन D. मार्क्सवादी-दर्शन

**41.** 'पृथ्वीराज रासो' के अध्यायों का विभाजन हुआ हैं-

A. प्रकरण B. समय

C. सर्ग D. काण्ड

**42.** 'गीत फरोश' कविता में 'फरोश' शब्द का क्या अभिप्राय है?

A. रचनाकार B. विक्रेता

C. शिल्पकार D. गायक

**43.** "कामायनी का कर्म है भाववृत्ति, कर्म-वृत्ति तथा ज्ञानवृत्ति के सामंजस्य द्वारा समरसता और उसके फल स्वरूप आनंद की सिद्धि।"
ये कथन कौनसे लेखक का है?

A. डॉ. नगेन्द्र B. रामचंद्र शुक्ल

C. नन्ददुलारे वाजपेयी D. राम स्वरूप चतुर्वेदी

**44.** "करूणा-बहुल होने के कारण बुध्द संबंधी साहित्य भी मुझे बहुत प्रिय रहा है।" किस छायावादी रचनाकार का आत्मकथन है?

A. जयशंकर प्रसाद B.सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

C. सुमित्रानंदन पंत D. महादेवी वर्मा

**45.** "एक सही कविता पहले एक सार्थक वक्तव्य होती है", आत्मकथन किस कवि का है?

A. मुक्तिबोध B. भवानी प्रसाद मिश्र

C. धूमिल D. नागार्जुन

**46.** नैनाँ अंतरि आव तूँ, ज्यूँ हौं नैन झँपेऊँ।
नाँ हौं देखौं और कूँ, नाँ तुझ देखन देऊँ।।
पद किस कवि का है?

A. कबीर B. रैदास

C. घनानंद D. रहीम

**47.** 'प्रियप्रवास' में राधाकृष्ण को किस रूप में चित्रित किया गया है?

A. लोक सेवक B. वनवासी

C. राजा रानी D. संन्यासी

**48.** निम्नांकित अष्टछाप के कवियों में से किस कवि ने 'भ्रमरगीत' प्रसंग पर काव्य नहीं रचा है?

A. चतुर्भुज दास B. परमानंद दास

C. कुम्भन दास D. सूरदास

**49.** निम्नलिखित में से कौन सी कविता 'नागार्जुन' की नहीं है?

A. कालिदास B. खुरदरे पैर

C. भूल गलती D. मनुष्य हूँ

**50.** "नहिं परागु नहिं मधुर मधु, नहिं बिकासु इहिं काल।
अली कली ही सौं बंध्यौ, आगैं कौन हवाल।।"
किस राजा के संदर्भ में रचा गया है?

A. छत्रसाल B. जयसिंह

C. मानसिंह D. विक्रमसाहि

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

51. 'पार्वती और मिसरानी' किस उपन्यास के पात्र हैं?

A. मैला आँचल B. राग दरबारी

C. देवरानी जेठानी की कहानी D. दिव्या

52. डेरा जट्टा गाँव में बसे हिन्दू-मुस्लिम और सिख समुदाय के जिंदगी पर आधारित कृष्णा सोबती का एक उपन्यास है-

A. मित्रो मरजानी B. जिन्दगी नाम

C. समय सरगम D. चारों के चार

53. 'नरकुण्ड में बास' यह किस उपन्यास का दूसरा खण्ड़ है?

A. धरती धन न अपना B. राग दरबारी

C. मुर्दहिया D. मानस का हंस

54. बहुत पढ़ने लिखने से आदमी की बुध्दि कुछ ऐसी निर्बल हो जाती है कि बड़े-बड़े फिलासफर छोटी बातों में चक्कर खाने लगते हैं।
उपर्युक्त पद किस उपन्यास से लिया गया है?

A. शेखर : एक जीवनी B. परीक्षा गुरू

C. कर्मभूमि D. गोदान

55. सतगुरू सेवा सत्य करि माने सत्य विचार।
सेवक चेला सत्य सो जो गुरू वचन निहार।।
उपर्युक्त पद किस उपन्यास से ली गई है?

A. गोदान B. झूठा-सच

C. मैला-आंचल D. राग-दरबारी

56. 'तमस' उपन्यास को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस वर्ष मिला?

A. सन् 1975 ई. में B. सन् 1970 ई. में

C. सन् 1977 ई. में D. सन् 1973 ई. में

57. निम्नांकित उपन्यासों को उसके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए।

| उपन्यास | पात्र |
|---|---|
| (a) राग दरबारी | (I) शनीचर |
| (b) मैला आँचल | (II) लीजा |
| (c) तमस | (III) निपुणिका |
| (d) बाणभट्ट की आत्मकथा | (IV) डॉ. प्रशांत |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-II, b-III, c-I, d-IV

B. a-IV, b-II, c-I, d-III

C. a-I, b-IV, c-II, d-III

D. a-III, b-IV, c-II, d-I

58. 'रेत समाधि' उपन्यास किसकी रचना है?

A. संजीव B. रणेन्द्र

C. मृदुला गर्ग D. गीतांजलि श्री

59. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास का केन्द्रीय चरित्र बाणभट्ट का जन्म किस वंश में हुआ था?

A. वात्स्यायन वंश में

B. गुलाम वंश में

C. चोल वंश में

D. पल्लव वंश में

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**60.** गोदान उपन्यास में कुल कितने प्रकरण हैं?

A. 32 B. 42

C. 40 D. 36

**61.** दुलाईवाली कहानी में कहाँ से कहाँ तक की यात्रा की घटना को केन्द्र में रखा गया है?

A. मिर्जापुर से इलाहाबाद

B. इलाहाबाद से गाजीपुर

C. काशी से इलाहाबाद

D. इलाहाबाद से काशी

**62.** 'राही' कहानी में राही किस जुर्म में जेल में बंद होती है?

A. सोना चोरी करने के जुर्म में

B. अनाज चोरी करने के जुर्म में

C. दवा चोरी करने के जुर्म में

D. कलम चोरी करने के जुर्म में

**63.** निम्नलिखित कहानियों को उसके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए।

| कहानी | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|
| (a) मैं हार गई | (I) 1968 ई. |
| (b) तीन निगाहों की एक तस्वीर | (II) 1966 ई. |
| (c) यही सच है | (III) 1957 ई. |
| (d) एक प्लेट सैलाब | (IV) 1959 ई. |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-I, b-II, c-IV, d-III

B. a-III, b-II, c-I, d-IV

C. a-III, b-IV, c-II, d-I

D. a-IV, b-III, c-I, d-II

**64.** जैनेंद्र की कहानियों का प्रकाशन काल के अनुसार सही क्रम क्या है?

A. वातायन, नीलम देश की राजकन्या, एक रात, फांसी

B. फांसी, एक रात, वातायन, नीलम देश की राजकन्या

C. फांसी, वातायन, नीलम देश की राजकन्या, एक रात

D. फांसी, वातायन, एक रात, नीलम देश की राजकन्या

**65.** अपना-अपना भाग्य कहानी में लेखक अपने मित्र के साथ कहाँ बैठा रहता है?

A. रायपुर के किसी सड़क पर

B. इलाहाबाद के किसी सड़क पर

C. हरिद्वार के किसी सड़क पर

D. नैनीताल के किसी सड़क पर

**66.** परिन्दे कहानी की नायिका लतिका किस स्कूल में शिक्षिका है?

A. कोलकाता के कॉन्वेन्ट स्कूल में

B. मध्य प्रदेश के कॉन्वेन्ट स्कूल में

C. नागपुर के पब्लिक स्कूल में

D. कुमाऊँ के कॉन्वेन्ट स्कूल में

**67.** चीफ की दावत में चीफ किसके घर दावत पर जाता है?

A. श्यामानाथ B. शामनाथ

C. रामनाथ D. सोमनाथ

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**68.** गफूर ने कहा आप बेफिक्र रहें पेक्टसा! मैं अपने मकान (पत्नी) को भी भेज दूँगा खिदमत के लिए!
किस कहानी की उक्ति है?

A. राही
B. राजनिरबंसिया
C. कानों में कंगना
D. इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर

**69.** गेंग्रीन कहानी में मालती के पिता का नाम क्या है?

A. रामेश्वर
B. सोमेश्वर
C. कामेश्वर
D. महेश्वर

**70.** 'कोशी का घटवार' कहानी में गुसाई कितना आटा लछमा के आटे में मिला देता है?

A. पाँच सेर आटा
B. एक सेर आटा
C. तीन सेर आटा
D. दो ढाई सेर आटा

**71.** 'महाभोज' नाटक में जिस गाँव में घटना घटित होने का उल्लेख किया गया है, उसका नाम है-

A. सरोहा
B. कलछी
C. रामपुर
D. अकोला

**72.** "यह नाटक हमारी स्वाधीनता की तलछट का चित्र है। वह तलछट जो समय बीतने के साथ गहरी होती गयी है।" यह कथन किस नाटककार द्वारा अपने नाटक के संबंध में कहा गया है?

A. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना – बकरी
B. मन्नू भंडारी – महाभोज
C. शंकर शेष – एक और द्रोणाचार्य
D. धर्मवीर भारती – अंधायुग

**73.** रामगुप्त ध्रुवस्वामिनी को किसे उपहार में देने के लिए तैयार हो जाता है?

A. शिखरस्वामी
B. शकराज
C. यवनराज
D. चंद्रगुप्त

**74.** अंधेर नगरी के किस दृश्य में बाजार का चित्रण हुआ है?

A. चौथा
B. पाँचवां
C. दूसरा
D. तीसरा

**75.** "यह कटु अनास्था भी अपने चरणों में स्वीकार करो! आस्था तुम लेते हो लेगा अनास्था कौन?" यह कथन अंधायुग के किस पात्र का है?

A. संजय
B. याचक
C. विदुर
D. अश्वत्थामा

**76.** राजनीति और साहित्य की टकराहट तथा राजसत्ता बनाम सर्जनात्मकता किस नाटक की केन्द्रीय विषयवस्तु है?

A. सिंदूर की होली
B. आषाढ़ का एक दिन
C. महाभोज
D. अंधायुग

**77.** "दो आदमी जितना ज्यादा साथ रहें, एक हवा में साँस लें, उतना ही ज़्यादा अपने को एक-दुसरे से अजनबी महसूस करें" कथन आधे-अधूरे नाटक के किस पात्र का है?

A. स्त्री
B. पुरूष एक
C. बड़ी लड़की
D. छोटी लड़की

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**78.** 'कार्नेलिया' किस नाटक की पात्र है?

A. स्कन्दगुप्त B. ध्रुवस्वामिनी

C. चंद्रगुप्त D. अजातशत्रु

**79.** 'अंजो दीदी' नाटक के दोनों अंको के बीच कितने वर्ष का अन्तराल उल्लिखित है?

A. पाँच वर्ष B. दस वर्ष

C. पंद्रह वर्ष D. बीस वर्ष

**80.** 'महाभोज' नाटक में कुल कितने दृश्य हैं?

A. सात B. आठ

C. ग्यारह D. बारह

**81.** कुबेरनाथ राय के निबंधों को प्रकाशन वर्ष के क्रम के अनुसार सुमेलित कीजिए-

| स्तंभ-I | | स्तंभ-II |
|---|---|---|
| (a) प्रिया निलकंठी | (I) | 1972 |
| (b) रस आखेटक | (II) | 1971 |
| (c) गंधमादन | (III) | 1973 |
| (d) निषाद बांसुरी | (IV) | 1969 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-IV, b-II, c-I, d-III

B. a-III, b-II, c-I, d-IV

C. a-IV, b-I, c-III, d-II

D. a-I, b-III, c-II, d-IV

**82.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहते हैं।

B. संस्कृति शब्द का संबंध संस्कार से है जिसका अर्थ संशोधन करना, उत्तम बनना, परिष्कार करना।

C. हमारे यहाँ कि आध्यात्मिकता मन और बुध्दि से परे जाती है। वह आत्मा का साक्षात अनुभव करना चाहती है।

D. हमारी रहन-सहन, पोशाक आदि सभी बातें जातीय परिस्थिति, देश के वातावरण और देश की भावनाओं से संबंधित नहीं है।

**83.** 'संवाद और एकलाप' के निबंधकार का नाम बताइए।

A. अशोक वाजपेयी B. मलयज

C. रमेश कुंतल मेघ D. रमेशचंद्र शाह

**84.** निम्न रचनाओं को उनके रचनाकार से सुमेलित कीजिए।

| रचना | | रचनाकार |
|---|---|---|
| (a) सफर सुहाने | (I) | नीरजा माधव |
| (b) क ख ग | (II) | रचना यादव |
| (c) साहित्य समाज का दर्पण है | (III) | मृदुला गर्ग |
| (d) चैत-चित मन महुआ | (IV) | पुष्पा भारती |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-II, b-IV, c-III, d-I

B. a-IV, b-III, c-I, d-II

C. a-I, b-II, c-III, d-IV

D. a-IV, b-III, c-II, d-I

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**85.** सच कहा जाय तो आर्य संस्कृति की सुन्दरता के अहंकार पर चोट करने के लिए ही 'अशोक के फूल' लिखा गया है; प्रकृति वर्णन करने के लिए नहीं।
उक्त पंक्ति किस निबंध से ली गई है?

A. संस्कृति और सौन्दर्य

B. अशोक के फूल

C. उठ जाग मुसाफिर

D. मजदूरी और प्रेम

**86.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है।

B. काव्य में अर्थग्रहण मात्र से काम नहीं चलता, बिम्बग्रहण अपेक्षित होता है।

C. कविता में भाषा की सब शक्तियों से काम नहीं लेना पड़ता।

D. कविता तो भाव-प्रसार द्वारा कर्मण्य के लिए कार्यक्षेत्र का और विस्तार कर देती है।

**87.** 'भारत की उन्नती कैसे हो सकती है' निबंध का प्रकाशन वर्ष बताइए।

A. सन् 1880 ई. B. सन् 1860 ई.

C. सन् 1884 ई. D. सन् 1889 ई.

**88.** वास्तव में सृजन-संपृक्त, सावधान, सतर्क, सचेत और कर्मठ जीवन जो हम जीते हैं वह है तीस और चालीस के बीच।
उपर्युक्त कथन किस निबंध से उद्धृत है?

A. शिवमूर्ति

B. मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

C. दिल्ली दरबार दर्पण

D. उत्तर फाल्गुनी के आस-पास

**89.** 'इनके निबंधों के प्राण भारतेन्दु युग के हैं, शरीर द्विवेदी युग का' बालमुकुन्द गुप्त के विषय में यह उक्ति किस आलोचक ने कही?

A. हजारी प्रसाद द्विवेदी B. जयनाथ नलिन

C. रमेश कुंतल मेघ D. राहुल सांकृत्यायन

**90.** 'समकालीन हिन्दी निबंध' पुस्तक किस प्रकाशन से प्रकाशित हुई?

A. वाणी प्रकाशन

B. साहित्य मंडल प्रकाशन

C. ज्ञानपीठ प्रकाशन

D. हरियाणा साहित्य अकादमी, चंडीगढ़

**91.** 'एक कहानी यह भी' रचना में लेखिका के माँ की क्या विशेषता थी?

A. वह धार्मिक स्वभाव की महिला थी

B. वह नास्तिक स्वभाव की महिला थी

C. वह विद्रोही स्वभाव की महिला थी

D. वह डरपोक स्वभाव की महिला थी

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

**92.** 'माटी की मूरतें' किस विधा की रचना है?

A. संस्मरण B. रेखाचित्र

C. जीवनी D. आत्मकथा

**93.** "फाइल चलने लगी। फाइल चलती रही। इसी में आधा दिन गुजर गया। दोपहर को खाने पर दबे हुए आदमी के गिर्द बहुत भीड़ हो गयी थी। लोग तरह-तरह की बातें कर रहे थे। कुछ मनचले क्लर्कों ने मामले को अपने हाथ में लेना चाहा।"
उक्त कथन किस पुस्तक का अंश हैं?

A. आपहुदरी B. जामुन का पेड़

C. एक कहानी यह भी D. आवारा मसीहा

**94.** अगणित उन्मादों के क्षण हैं। अगणित अवसादों के क्षण हैं।
प्रस्तुत पंक्ति किस आत्मकथा से ली गई है?

A. बसेरे से दूर B. क्या भूलूँ क्या याद करूँ

C. आपहुदरी D. नीड़ का निर्माण फिर से

**95.** 'भोलाराम का जीव' कहाँ अटका था?

A. कार्यालय में B. पेंशन की फाइल में

C. साहब के कमरे में D. घर में

**96.** 'एक साहित्यिक की डायरी' मुक्तिबोध ने स्तंभ के रूप में सबसे पहले किस पत्रिका में प्रकाशन हेतु भेजी थी?

A. वसुधा B. पहल

C. नया खून D. ज्ञानोदय

**97.** लेखक के अनुसार 'माटी की मुरतें' में क्या चीज है?

A. खूबसूरती B. रंगीनी

C. जिन्दगी D. कठोरता

**98.** दिनकर के मतानुसार निम्न में से संस्कृति के चार अध्याय कौन-कौन से हैं?

A. आर्य, द्रविड, मुस्लिम और अंग्रेजी प्रभाव

B. आर्य, मंगोलियाई, द्रविड, डच प्रभाव

C. आर्य, द्रविड, डच, अंग्रेजी प्रभाव

D. आर्य, तिब्बती, मुस्लिम, अंग्रेजी प्रभाव

**99.** 'आपहुदरी' में लेखिका पर किस वाद का प्रभाव पड़ा है?

A. मार्क्सवाद B. विखण्डनवाद

C. फ्रायड़वाद D. अनुमितिवाद

**100.** 'प्रेमचंद घर में' संस्मरण किस वर्ष प्रकाशित हुआ?

A. सन् 1936 ई. में B. सन् 1940 ई. में

C. सन् 1944 ई. में D. सन् 1945 ई. में

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

**11** **SET A**

**उत्तर अंकित करने का समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**Time for making answers : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

**नोट :**

1. **इस प्रश्न पुस्तिका में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं।**
   **प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
2. **प्रश्नों के उत्तर, दी गई OMR उत्तरशीट (आंसरशीट) पर अंकित कीजिए।**
3. **ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।**
4. **किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।**
5. **OMR उत्तरशीट (आंसरशीट) का प्रयोग करते समय ऐसी कोई असावधानी न करें/बरतें जिससे यह फट जाये या उसमें मोड़ या सिलवट आदि पड़ जाये जिसके फलस्वरूप वह खराब हो जाये।**

---

**Note :**

1. There are 100 objective type questions in this booklet. All questions are compulsory and carry two marks each.
2. Indicate your answers on the OMR Answer-Sheet provided.
3. No. negative marking will be done.
4. Use of any type of calculator or log table and mobile phone is prohibited.
5. While using OMR Answer-Sheet care should be taken so that the Answer-Sheet does not get torn or spoiled due to folds and wrinkles.